उ0प्र0 शासन
पर्यटन अनुभाग-1
संख्या- 41-1-2026-सी0एन0- /2026
लखनऊ, दिनांक- मई, 2026

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

दिनांक 01.05.2026 उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा सम्पादित किये जा रहें कार्यों/परियोजनाओं की समीक्षा में यह संज्ञान में आया कि उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा स्वीकृत परियोजनान्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों में कतिपय कार्यों में वित्तीय नियमों तथा सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन न करते हुए बिना सक्षम स्तर के अनुमोदन के वैरिएशन (Variation) किया गया है। उक्त के दृष्टिगत उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा विगत 03 वर्षों से कराये जा रहे ऐसे समस्त कार्यों की जाँच हेतु निम्नवत् समिति गठित किया जाता है।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ - अध्यक्ष
2- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ - सदस्य
3- उप सचिव, पर्यटन अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन - सदस्य

2- उक्त समिति द्वारा जाँच आख्या शासन को 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराया जायेगा।

(अमृत अभिजात)
अपर मुख्य सचिव

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- उप सचिव, पर्यटन अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
5- पर्यटन अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।